<u>*प्रेस विज्ञप्ति*</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय द्वारा वृक्षायुर्वेद आधारित प्राकृतिक खेती एवं समग्र स्वास्थ विषयक वाद–विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न</u>

पंतनगर। 24 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में आयुष दिवस पर वृक्षायुर्वेद आधारित प्राकृतिक खेती ही वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समग्र स्वास्थ का एकल समाधान है,' विषय पर वाईएलनैने सेन्टर आफ वृक्ष आयुर्वेद रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग, परियोजना के अन्तर्गत लगभग 50 विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय लिटेरेसी सोसाइटी एवं एशियन–एग्री हिस्ट्री फाउण्डेशन के सहयोग से स्नातक एवं स्नात्कोत्तर स्तर के विद्यार्थियों ने वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सेदारी कर विषय पर अपने सशक्त विचार साझा किये, जिससे जनमानस युवा पीढ़ी के विषय पर सशक्त संवाद से अवगत हुआ। वृक्ष आयुर्वेद परियोजना की प्रमुख अन्वेशिका प्राध्यापिका डा. सुनीता टी पाण्डेय द्वारा आयुष दिवस के उपलक्ष्य में परियोजना की इस महत्वपूर्ण गतिविधि के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं शोध निदेशक डा. सुभाष चन्द्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना तथा विभागाध्यक्ष डा. रोहिताशव सिंह सस्य विज्ञान विभाग का स्वागत करते हुए वृक्षायुर्वेद समग्र स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। प्रतियोगी विद्यार्थियों के उत्साह वर्धन हेतु विषय के महारथी एवं अनुभवी पद्मश्री भारत भूषण त्यागी तथा भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री दिनेश कुलकर्णी द्वारा अपना ऑनलाइन संदेश दिया गया। इस वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रोफेसर एण्ड हेड डा. प्रीति चतुर्वेदी, प्रोफेसर एण्ड हेड डा. ए. के. उपाध्याय, प्राध्यापक ओमवती वर्मा, प्राध्याक राजीव कुमार, प्राध्यापक अनिल शुक्ला निर्णायक मण्डल की भूमिका मे रहे। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को एशियन–एग्री हिस्ट्री फाउण्डेशन द्वारा प्रकाशित सुरपाल द्वारा रचित वृक्षायुर्वेद की पुस्तक स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की गई। प्रतियोगी विजेताओं को डा. वाईएलनैने की जन्मदिन पर पुरस्कृत किया जायेगा। अन्त में डा. अमित केशरवानी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

